अच्छे गुणवत्ता वाले औषधीय पौधों को प्राप्त करने के लिए संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर)

बीज जर्म प्लाज्म केंद्रों की स्थापना।

औषधीय पौधों की खेती करना और उनसे अच्छी मात्रा में लाभ प्राप्त करना औषधीय पौधों की गुणवत्ता के ऊपर निर्भर रहता है। जिसके लिए अच्छी गुणवत्ता वाले बीज और प्लाटिंग सामग्री होना अति आवश्यक है । अच्छी गुणवत्ता वाले औषधीय पौधे प्राप्त करने के लिए CSIR, KVK, & ICAR आदि में पौधशालाओं और बीज केंद्र के साथ बीज जर्म प्लाज्म केंद्र बनाने की आवश्यकता है। ताकि सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों को अच्छी गुणवत्ता वाले औषधीय पौधों की सामग्री प्राप्त हो।

बीज जर्म प्लास में जरूरी संरचनाएं।

1. **जीन बैंक (Gene Banks):**बीजों को लंबे समय तक संरक्षित करने के लिए विशेष भंडारण सुविधाएं।

2. **फील्ड जर्मप्लाज्म बैंक** (Field Germplasm Banks):
पौधों को उनके प्राकृतिक आवास या खेतों में संरक्षित करने के लिए भूमि और अन्य संसाधन।

3. **लैबोरेटरी सुविधाएं** (Laboratory Facilities):
बीजों के परीक्षण, डीएनए और रोग प्रतिरोधी गुणों का अध्ययन करने के लिए आधुनिक प्रयोगशालाएं।

4. **डिजिटल डेटाबेस** (Digital Database):
बीज जर्म प्लाज्म की जानकारी जैसे स्थान, और विशेषताएं रिकॉर्ड करने के लिए कंप्यूटर आधारित सिस्टम।

5. **तकनीकी स्टाफ और अनुसंधान संस्थान**:
वैज्ञानिक और प्रशिक्षित तकनीकी कर्मी जो जर्म प्लाज्म को इकट्ठा, अध्ययन और संरक्षित करें।

6. **बीज प्रसंस्करण इकाई** (Seed Processing Units):
बीजों की सफाई, छंटाई, और उनके भंडारण के लिए तैयार करने वाली सुविधाएं।

7. **प्राकृतिक जंगली प्रजातियों के लिए संरक्षित क्षेत्र** : (Protected Areas for Wild Species):
जंगली पौधों की आनुवंशिक विविधता को बचने करने के लिए विशेष सुरक्षित क्षेत्र।

भूमि की आवश्यकता: बीज जर्म प्लाज्म केंद्र बनाने के लिए कम से कम 4 हैक्टेयर भूमि होना आवश्यक है।

वित्तीय सहायता: बीज जर्म प्लास केंद्र को बनने के लिए

- सरकारी स्केटर को 25 लाख रुपए दिए जाएंगे।
- निजी सेक्टर को 12.50 लाख रुपए दिए जाएंगे।

क.स.	प्रोजेक्ट का नाम	न्यूनतम भूमि	वित्तीय सहायता	कौन आवेदन कर सकता है ।
1	बीज जर्म प्लाज्म केंद्र	4 हैक्टेयर	25 लाख रुपए सरकारी क्षेत्र को दिए जाएंगे । 12,50,000 लाख रुपए निजी क्षेत्र को दिए जाएंगे।	सरकारी तथा निजी (प्राइवेट) क्षेत्र दोनों बीज जर्म प्लाज्म केंद्र प्रोजेक्ट के लिए आवेदन कर सकते है